कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.11.2024

विषयः- गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त शनि थाना सारनाथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 71/2024 धारा 279,337,304 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त शनि पुत्र मूलचन्द नि0 सलारपुर रसूलगढ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को आज दिनांक-17.11.2024 को समय करीब 12.15 बजे कोटवा चौराहा से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक- 28.02.24 को वादिनी मुकदमा ने विपक्षी शनि के विरुद्ध लापरवाही, उतावलेपन व उपेक्षापूर्ण तरीके से मालवाहक चलाकर अपने पति व अन्य लोगों को बुरी तरह से घायल करने तथा इलाज के दौरान पति की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में प्रा.पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उ.नि. शैलेन्द्र कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शनि पुत्र मूलचन्द नि0 सलारपुर रसूलगढ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

कोटवा चौराहा, दिनांक-17.11.2024 को समय करीब 12.15 बजे।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 71/2024 धारा 279,337,304 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार, हे0का0 दिनेश कुमार सिंह, का0 पप्पू कुमार शाह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।